PR PROFESSIONALS
Race for Excellence

Publication	Hindustan
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No	02
Date	25th August 2018

हिन्दुस्तान

जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में अंडर-13 बालिका वर्ग की स्पर्धाएं आयोजित की गईं, बालक वर्ग के मुकाबले आज होंगे

नेहरू स्टेडियम की टीम ओवरऑल चैंपियन

जिला खेलकूद

गुरुग्राम | कार्यालय संवाददाता

सिविल लाइंस के नेहरू स्टेडियम में शुक्रवार को भी जिलास्तरीय प्रतियोगिता जारी रही। इस दौरान जिम्नास्टिक अंडर-13 बालिका वर्ग रिदमिक की विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित की गईं। इसको लेकर खिलाड़ियों में उत्साह देखा गया। इसमें नेहरू स्टेडियम की टीम ने ओवरऑल चैंपियनशिप मिली। शनिवार को बालक वर्ग के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे।

जिम्नास्टिक कोच संदीप ने बताया कि चैंपियनशिप के लिए नेहरू स्टेडियम की टीम ने विभिन्न स्पर्धाओं में 83.6 अंक जुटाए। इसके लिए उन्हें ओवरऑल चैंपियन चुना गया, जबकि पाथवेज स्कूल दूसरे और जेम्स मॉर्डन अकादमी की टीम को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ेगा। प्रतियोगिता के सभी विजेता खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

150 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे जिलास्तरीय जिम्नास्टिक में

20 से अधिक स्कूल, अकादमी और क्लब के खिलाड़ी दम दिखा रहे

व्यक्तिगत स्पर्धा में केआर मंगलम स्कूल का दबदबा

नेहरू स्टेडियम में शुक्रवार को आयोजित व्यक्तिगत स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने हैरतंगेज प्रदर्शन किया। जिम्नास्टिक की फ्लोर स्पर्धा में केआर मंगलम स्कूल की कीम कौर ने पहला हासिल किया, जबकि अजंता स्कूल की तेजस्वनी ने दूसरा और केआर मंगलम स्कूल की ही खुशी को तीसरा स्थान मिला। वहीं बैलेंसिंग बीम स्पर्धा में केआर मंगलम स्कूल की मानषी दहिया पहले स्थान पर रही, यहीं की किम कौर को दूसरा और सनसिटी स्कूल की मायरा को तीसरा स्थान मिला। इधर, जिम्नास्टिक की ऑल राउंड स्पर्धा में केआर मंगलम की मानषी विजेता बनीं।

गुरुग्राम के सिविल लाइंस स्थित नेहरू स्टेडियम में आयोजित की जा रही जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता शुक्रवार को भी जारी रही। इस कड़ी में शुक्रवार को दो दिवसीय जिला स्तरीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। इसमें कई स्पर्धाएं आयोजित की गईं।

झाड़सा, जैकबपुरा फाइनल में पहुंचे

कबड्डी प्रतियोगिता

गुरुग्राम। जिलास्तरीय स्कूल खेलकूद के तहत सिकंदरपुर गढ़ा के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को खो-खो और कबड्डी की बालिका वर्ग की प्रतियोगिता आयोजित की गई।

कोच संगीता ने बताया कि कबड्डी प्रतियोगिता के अंडर-17 आयु वर्ग के मुकाबल में खांडसा और द पाइन ट्री टीम ने फाइनल में जगह बनाई है। अंडर-19 आयु वर्ग में मोहम्मदपुर झाड़सा, जैकबपुरा टीम फाइनल में भिड़ेंगी। इसी तरह खो-खो प्रतियोगिता के अंडर-17 आयु वर्ग में पालम विहार की रॉयलो और चंदू की न्यू शिशु कल्याण टीम के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

वहीं अंडर-19 आयु वर्ग में न्यू शिशु कल्याण और सेक्टर-10 यूरो इंटरनेशनल स्कूल टीम की टीम ने फाइनल में जगह बनाई है। इन टीमों के बीच शनिवार को सिकंदरपुर गढ़ा के सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मैदान पर फाइनल होगा। इस तरह दोनों खेलों के कुल मिलाकर चार वर्गों में शनिवार को खिताबी मुकाबले खेले जाएंगे।